हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक—108 : जौनपुर, मंगलवार 14 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज —4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी कैबिनेट ने तबादला नीति 2022 को दी मंजूरी : यूपी पुलिस में 40 हजार पदों पर होगी भर्ती

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में तबादला नीति 2022 को मंजूरी दे दी गई है। इसकी जानकारी अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने दी है। उन्होंने बताया कि इस नीति के तहत 15 से 30 जून तक तबादले किए जाएंगे। यह नीति वर्ष 2022—23 के लिए है। इसके तहत समूह क और ख के अधिकारियों द्वारा जनपद में तीन वर्ष और मंडल में सात वर्ष पूरे होने पर स्थानांतरण की व्यवस्था की गई है। समूह क और ख के स्थानांतरण संवर्गवार कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों की संख्या के सापेक्ष अधिकतम 20 प्रतिशत और समूह ग व घ के संवर्गवार कार्यरत कार्मिकों की संख्या के अधिकतम 10 प्रतिशत तक की सीमा तक किए जा सकेंगे।समूह ख और ग के कार्मिकों के स्थानांतरण मेरिट बेस्ड ऑनलाइन ट्रांसफर सिस्टम



के आधार पर किये जाने की व्यवस्था की गई है। समूह ग के कार्मिकों के पटल परिवर्तन व क्षेत्र परिवर्तन विषयक शासनादेश 13 मई 2022 को कड़ाई से पालन करने की व्यवस्था की गई है। बैठक में पुलिस के 40 हजार पदों पर भर्ती के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई।

## नहाते वक्त तीन चचेरे भाइयों की गंगा में डूबने से मौत : दर्शन—पूजन को अंबेडकर नगर से आए परिवार में कोहराम

मिर्जापुर ब्यूरो : यूपी के मिर्जापुर जिले में स्थित विंध्याचल धाम में एक बार फिर गंगा स्नान के दौरान हादसा हो गया। सोमवार दोपहर परशुराम घाट पर स्नान कर रहे तीन चचेरे भाई डूब गए। घंटे भर की मशक्कत के बाद स्थानीय गोताखोरों ने तीनों को बाहर निकाला। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विंध्याचल धाम में स्नान के दौरान गंगा नदी में डूबने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पिछले दो माह में गंगा नदी में डूबने से कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बाद जिलाधिकारी ने घाटों पर बैरिकेडिंग का निर्देश दिया था, पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। सोमवार को एक और हादसे ने तीन लोगों की जान ले ली। अंबेडकर नगर से विंध्याचल आया था परिवार अंबेडकर नगर जिले के जयपुर थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी परिवार दर्शन पूजन के लिए विंध्याचल आया था। परिवार के तीन चचेरे भाई स्नान के लिए परशुराम घाट पर गए थे। स्नान करते समय गहरे जल में जाने



से तीनों चचेरे भाई शक्ति यादव (16) पुत्र इंद्रजीत, अमन यादव (17) पुत्र अमरजीत, वैभव यादव (17) पुत्र सन्त कुमार यादव डूबने लगे। शोर मचाने पर आसपास के गोताखोर उन्हें बचाने के लिए गंगा नदी में कूदे। घंटों मशक्कत करने के बाद तीनों को बाहर निकाला गया। तबतक मौक पर पहुंची पुलिस तीनों को सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो—रोकर बुरा हाल है।

## रक्तदान करके दूसरो को प्रदान करें जीवन दान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर अमर उजाला, रेड क्रॉस सोसाइटी, लायन्स क्लब मेन, जेसीज क्लब, प्राथमिक शिक्षक संघ, उद्योग व्यापार मण्डल, जे0सी0आई0 चेतना, अतुल्य वेलफेयर सो. सखी वेलफेयर के संयुक्त तत्वाधान में और पुलिस विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन आईएमए भवन ब्लड बैंक, लाइन बाजार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदस्य विधानसभा परिषद बृजेश सिंह, प्रिंशु एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया। सदस्य विधान सभा परिषद ने कहा कि रक्तदान को लेकर आम जनमानस में कई भ्रांतियां हैं, उन्हें भय है कि रक्तदान करने से कोई समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिन्हें बृहद पैमाने पर जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जाए, उन्हें बताया जाए कि रक्तदान करने से कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि लाभ ही होता है। उन्होंने कहा कि जनपद जौनपुर बड़ा जिला है फिर भी यहां पर ब्लड यूनिट की कमी रहती है, जिसके लिए उन्होंने जनपद के सभी एनजीओ, शिक्षकों, व्यापारी संगठनों सहित अन्य संगठनों को आगे आने का आह्वान किया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने रक्तदान के फायदे बताते हुए सभी को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारा दिया हुआ रक्त किसी न किसी की जिंदगी को बचाता है। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट के बाद समय से इलाज एवं खून की अत्यंत आवश्यकता होती है, इसलिए पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रशिक्षित क्या जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में रेड क्रॉस के द्वारा एक नया ब्लड



बैंक बनाया जा रहा है जो जल्द ही जनता की सेवा में सुपुर्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के रक्तदान शिविरों का आयोजन करने का उद्देश्य यही है कि किसी भी व्यक्ति की खून की कमी के कारण मृत्यु न हो पाए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वालों का नाम, ब्लड ग्रुप का मोबाइल नंबर की सूची बनाकर एनआईसी की वेबसाइट पर डाल दिया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क कर रक्तदान कराया जा सके। आई.एम.ए. के अध्यक्ष डॉ एनके सिंह के द्वारा रक्तदान करने आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा द्वारा किया गया। पुलिस विभाग के सिपाहियों ने भी रक्तदान किया, कुल 51 यूनिट रक्तदान हुआ, सभी रक्तदान करने वाले लोगो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ0 संजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी डॉ0 मनोज वत्स, अमर उजाला के ब्यूरो चीफ अंकुर शुक्ला, डा ए ए जाफरी, लायन्स क्लब मेन अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता, जेसीज चेतना क्लब अध्यक्ष अभिलाषा श्रीवास्तव, जेसीज क्लब से रमेश श्रीवास्तव, बेसिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह, बेसिक शिक्षक यूटा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, अतुल वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष उर्वर्शी सिंह, नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव, सखी वेलफेयर अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, ब्राहमण चेतना समिति से रामेश्वर प्रसाद त्रिपाठी, भारत विकास परिषद से अतुल जायसवाल, प्रधानाचार्य डा0 सुभाष सिंह, सलमान शेख, सोनी जायसवाल अशवनी सिंह, जीहशम मुफ्ती, नीरज शाह आदि उपस्थित रहें।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद जौनपुर विभाग की बैठक रामजानकी मठ गूलरघाट के प्रांगण में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद,जौनपुर विभाग की एक बैठक रामजानकी मठ गूलरघाट के प्रांगण में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने किया एवं संचालन विभाग महामंत्री चंद्र प्रकाश जी ने किया बैठकबैठक में मुख्य वक्ता के रूप में काशी प्रांत के महामंत्री तरुण कुमार शुक्ल उपस्थित रहे अपने संबोधन में प्रांत महामंत्री श्री शुक्ल ने कहा आगामी 17 —18 — 19 जून 2022 को राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन काशी महानगर में किया गया है जिसमें काशी प्रांत के विभिन्न जिलों के लगभग 125 कार्यकर्ता भाग लेंगे । एक अन्य प्रश्न के जवाब में श्री शुक्ल ने कहा कि देश के अंदर एक समुदाय के द्वारा खुलेआम हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी बहुसंख्यक हिंदू समाज की आध्यात्मिक आस्था पर सीधा सीधा प्रहार है। इस्लाम को मानने वाले धर्मगुरु और उनके प्रवक्ता मौन साधे हुए हैं मस्जिदों में शुक्रवार की नमाज के बाद ईंट और पत्थर लेकर सड़कों पर उतरने वाले लोगों को इस तरह का उपद्रव करने की इजाजत किसने दी है। क्या यही है इस्लाम को मानने वालों का चेहरा । हिंदू देवी—देवताओं के अपमान को लगातार बर्दाश्त करने के बाद जब बर्दाश्त कि सीमा पार हुई तब नुपुर शर्मा ने विरोध में उनको जवाब देने के लिए और मर्यादित भाषा का प्रयोग किया क्योंकि जो जिस भाषा को समझता है उसी भाषा में उसका जवाब देना उचित होता है इसके बावजूद नूपुर शर्मा ने सामाजिक रूप से अपने कथन पर क्षमा मांगते उसे वापस लिया। किंतु नूपुर शर्मा के बहाने सड़कों पर उपद्रव करना देश की सुरक्षा व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा



व्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा है और भविष्य के लिए चेतावनी। हम कोई भी हो दूसरे धर्म के मानने वालों की आस्था पर अभद्र टिप्पणी कोई बर्दाश्त नहीं करेगा नूपुर शर्मा ने तो सिर्फ प्रतिउत्तर दिया था जिससे लोग तिलमिला उठे। सड़कों पर उपद्रव करके सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ और देश की शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करें ऐसा अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के हम सभी कार्यकर्ता मांग करते हैं तथा नूपुर शर्मा को पार्टी से बाहर निकालने का विरोध करते हैं। बैठक में अजय पाण्डेय जिला अध्यक्ष,चंद्र प्रकाश विभाग महामत्री,रमेश मिश्र विभाग उपाध्यक्ष,अरविंद योगी विभाग मंत्री रा. बजरंग दल, अंकित गुप्ता उपाध्यक्ष रा ब द,मनसिज पाण्डेय,रीमा विश्वकर्मा,श्रृष्टि , लकी , संजय तिवारी, विभाग मठ मंदिर प्रमुख राम प्रीति मिश्र फलाहारी महराज सहित विभाग व जिला स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 14 से 20 जून तक अमृत योग सप्ताह एवं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का होगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी का अमृत महोत्सव अवसर पर 14 से 20 जून तक अमृत योग सप्ताह एवं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश शासन की मन्शानुरूप 14 जून से 20 जून तक चलने वाले अमृत योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा पुलिस लाइन ग्राउड में दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस लाइन में योग के विभिन्न मुद्राओ का अभ्यास करते हुए आम जनमानस को योग को दैनिक जीवन में महत्व देने की अपील की। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से आवाहन करते हुए कहा कि अपने—अपने विभागों के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक संगठन, बैंकर, स्वयं सहायता समूह की सखियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, निजी एवं सरकारी चिकित्सालय, जिम, स्पोर्ट्स स्टेडियम आदि के संबंधित युवक—युवतियों, वरिष्ठ नागरिकों सहित जनपद के समस्त लोगों को आयुष कवच ऐप डाउनलोड करा कर योग करने के लिए प्रेरित किया जाए और योग करते हुए फोटो क्लिप आयुष कवच ऐप पर अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि 14 जून से अमृत योग सप्ताह का शुभारंभ किया जा रहा है जिसमें आम जनमानस उत्साह के साथ प्रतिदिन योग करे और अन्य लोगो को योग के लाभ बताये। उन्होंने आम जनमानस को बताया है कि दैनिक जीवन में योग को महत्व देने से



जीवन अनुशासित होने के साथ मन शांत रहता है, विभिन्न बीमारियों के संक्रमण से बचाव रहता है। उन्होंने जनपद के समस्त अधिकारियों से कहा कि 14 से शुरू हुए योग शिविर में हिस्सा लें और अपने समस्त कर्मचारियों को प्रेरित भी करें। उन्होंने कहा कि खुले स्थान पर योग करने से शरीर में स्फूर्ति रहती है और सूर्य की किरणों से विटामिन डी की प्राप्ति होती है जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी को योग करने की शपथ दिलाई और सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे जहां पर भी कार्यरत हैं अपने परिवार जन को योग करने के लिए प्रेरित करें और योग करने के लिए ऐसे स्थान का चयन करें जिनका ऐतिहासिक, पौराणिक, प्राकृतिक एवं धार्मिक महत्व हो। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डा0 संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, क्षेत्रीय यूनानी आयुर्वैदिक एवं यूनानी अधिकारी, पंताजलि के योग प्रशिक्षक हरि अचल मूर्ति, योग वेलनेस सेन्टर से विकास यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## "रोजगार मेले" में 56 का कैम्पस सलेक्शन : जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय में निजी नियोजकों के सहयोग से 13 जून 2022 को प्रातः 10 बजे 'रोजगार मेला' का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय कैम्पस जौनपुर में किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियाँ ब्राईटफ्यूचर आग्रेनिक हर्बल्स एवं आयुर्वेद प्रा0लि0, सनस्टारम मार्केटिग प्रा0लि0, जे0के0 ऑटो मोबाइल, भारतीय जीवन बीमा निगम शामिल हुई, मेले में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की संख्या 180 रहीं, नियोजकों के द्वारा कुल 56 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी ने जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को बताया गया कि सेवायोजन कार्यालय में 'कैम्पस सलेक्शन' प्रत्येक सोमवार किया जायेगा, सोमवार को अवकाश होने पर यहा अगले कार्य दिवस पर आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेला प्रभारी शिवकुमार यादव, रामसिंह मौर्य, जीतलाल मौर्य, जीशान अली, श्रीमती हसन फात्मा, आनन्द भूषण त्रिपाठी, अजय कुमार, चन्द्रशेखर प्रताप, विजय आदि उपस्थित रहें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई—पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें— उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें—

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

—संपादक

## बिजली कटौती से लोग बेहाल : बाजार से लेकर गांव तक गड़बड़ाया आपूर्ति का शेड्यूल

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : गांवों, कस्बों व तहसील मुख्यालयों पर शिड्यूल के अनुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बल्दीराय




पवार हाउस अघोषित विद्युत कटौती से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त, भीषण गर्मी में लोगों का हुआ बुरा हाल, लोगों में बिजली कटौती से है आक्रोश, उच्च अधिकारियों के नंबर हुए स्विच ऑफ,जिले के बल्दीराय पावर हाउस का सबसे बुरा हाल। कल् कटौती लगभग 12 घंटे से ज्यादा की रही।

## स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं अधिकारी

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) : विकासखंड पिहानी के अंतर्गत लाखों रुपए की लागत से ग्राम सभाओं में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य कराया गया था। विकासखंड केअधिकांश सामुदायिक शौचालयों पर ताला लटकता हुआ नजर आ रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाने में प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हैं। प्रशासनिक अमले की लापरवाही के चलते शौचालयों निर्माण होने के बाद इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा



है। निर्माण के बाद शौचालयों में ताला लटक रहा है। ऐसे में ग्रामीण खुले में शौच करने के लिए विवश हैं। सामुदायिक शौचालयों में बंद है ताला विकासखंड के 77 ग्राम पंचायतों में अलग—अलग 77 सामुदायिक शौचालय बनवाए गए हैं। अधिकांश ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित सामुदायिक शौचालयों में ताला बंद है। ऐसे में शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं। स्वच्छता की मुहिम को परवान चढ़ाने के उद्देश्य से गांवों में सामुदायिक शौचालय बनवाए गए हैं लेकिन कई गांवों में अभी तक सामुदायिक शौचालयों का ताला नहीं खुल सका है। खुले में शौच के लिए मजबूर हैं ग्रामीण सामुदायिक शौचालयों को लेकर ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब खुले में शौच के लिए नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन, शौचालयों का निर्माण पूरा होने के बाद भी वहां ताला लटकता हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अगर सामुदायिक शौचालय नियमित खुलें तो लोग उसी में शौच के लिए जाएंगे, बाहर नहीं जाएंगे। लेकिन, जनता की समस्याओं पर किसी का ध्यान नहीं है। शौचालयों को खोलने की मांग गांव के लोगों ने बताया कि स्वच्छता के प्रचार—प्रसार पर सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन नतीजा गांव के लोगों को अब भी शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से बंद पड़े शौचालयों को खोले जाने की मांग की है जिससे गांव स्वच्छता की ओर बढ़ सके। अभी भी खुले में शौच करते हैं क्षेत्र के नब्बे हजार लोग 2015 में क्षेत्र की करीब 40 फीसदी ग्रामीण आबादी खुले में शौच करती थी, लेकिन 2022 में यह आंकड़ा घटकर 22 फीसदी रह गया। इसमें कोई शक नहीं है कि पिछले सात वर्षों में 2015 से 2022 के बीच खुले में शौच करने वालों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। पर इसके बावजूद अभी भी 77 ग्राम पंचायतों के नब्बे हजार लोग खुले में शौच करते हैं। एडीओ पंचायत फोन ही नहीं उठाते शौचालय में ताला लगा होने के संबंध में जानकारी करने की कोशिश वीडियो पंचायत तेजराम से गई। एडीओ पंचायत तेजराम ने फोन ही नहीं उठाया। वह गांव के किसी भी विकास कार्य में रुचि नहीं ले रहे। केवल कागजी खानापूर्ति कर सरकार को संतुष्ट कर रहे हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

—सुविचार—

**तन का रोग भले ही डॉक्टर जांच ले पर मन का रोग तो तुम्हे स्वयं जांचना पड़ेगा।**

—साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

### वैश्विक रैंकिंग और हमः क्या भारत का कद छोटा करने की होती है साजिश?

भारत का वैश्विक रैंकिंग के साथ प्रेम–घृणा का रिश्ता है। जब ऐसी रैंकिंग भारत के अनुकूल होती है, तब हममें से कई लोग वाजिब ही उत्साहित होते हैं, लेकिन जब ऐसी कोई रैंकिंग हमारी खराब छवि दिखाती है या हमारे अनुकूल नहीं होती, तब हम गुस्से में उस पर हमलावर हो जाते हैं। कुछ लोग तो ऐसी रैंकिंग को भारत की छवि धूमिल करने की साजिश भी मानने लगते हैं। वैश्विक सूचकांकों पर हमारी चरम प्रतिक्रियाएं अक्सर आत्मनिरीक्षण और अन्य देशों के संदर्भ में विभिन्न क्षेत्रों में हमारे प्रदर्शन के आकलन में बाधक बनती हैं।

व्यक्तिगत रूप से मुझे नहीं लगता कि वैश्विक रैंकिंग के जरिये भारत के कद को छोटा करने की साजिश की जाती है, क्योंकि दुनिया भर के सभी देशों का हर क्षेत्र में मूल्यांकन करने वाली कोई एक एजेंसी नहीं है। न ही कोई एक पद्धति या मानक धारणा है। अलग–अलग एजेंसियां वैश्विक रैंकिंग का काम करती हैं। किसी भी वैश्विक सर्वेक्षण में किसी देश के बारे में विशिष्ट निष्कर्ष पर आने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कार्यप्रणाली की वैध चर्चा और आलोचना हो सकती है, लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि किसी विशेष सर्वेक्षण में प्रत्येक देश का आकलन करने के लिए एक ही पद्धति का उपयोग किया जाता है।

हालिया वैश्विक रैंकिंग को ही लें, जो इन दिनों खबरों में है। बंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) 31 स्थानों की छलांग के साथ क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2023 में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय संस्थान के रूप में उभरा है, जिसने आईआईटी–बॉम्बे एवं आईआईटी–दिल्ली को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर धकेल दिया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग दुनिया भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के विश्लेषण में विशेषज्ञता वाले ब्रिटेन स्थित संगठन क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा किया जाने वाला वार्षिक प्रकाशन है। इसकी नवीनतम वैश्विक रैंकिंग में विश्व स्तर पर शीर्ष 1,000 में भारतीय संस्थानों की कुल संख्या 22 से बढ़कर 27 हो गई है।

लेकिन पर्यावरण के मोर्चे पर तस्वीर गुलाबी नहीं है। हाल ही में जारी पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक (ईपीआई), 2022 में भारत सबसे निचले पायदान (180वें) पर है, जो पर्यावरणीय स्वास्थ्य जैसे कई संकेतकों के आधार पर देशों को सूचीबद्ध करता है। केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने देश की ईपीआई रैंकिंग को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। सरकार का कहना है कि यह सूचकांक 'अनुमानों और अवैज्ञानिक तरीकों' पर आधारित है। मंत्रालय ने कार्यप्रणाली के संबंध में कई चिंताओं को सूचीबद्ध करते हुए एक सार्वजनिक बयान जारी किया, जैसे कि ईपीआई ने भारत के कम उत्सर्जन पर ऐतिहासिक आंकड़े को ध्यान में नहीं रखा और कैसे कुछ पर्यावरणीय संकेतकों की रैंकिंग और महत्व को बदल दिया गया। कुछ भारतीय पर्यावरणविदों ने भी ईपीआई इंडेक्स में विशिष्ट क्षेत्रों के बारे में विशिष्ट चिंताओं की ओर इशारा किया है।

ये मात्र दो उदाहरण हैं। नवीनतम ग्लोबल हंगर इंडेक्स जैसे अन्य सूचकांक भी हैं, जिसमें भारत को 116 देशों में 101वें स्थान पर रखा गया है। कई लोगों ने इसे भारत को नीचा दिखाने की कोशिश के रूप में देखा। सबसे दिलचस्प बात यह है कि भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ने भी देश में पोषण की स्थिति के बारे में कई चिंताओं को चिह्नित किया। दरअसल भारत विविधताओं वाला एक विशाल देश है। इसलिए जरूरी नहीं कि वैश्विक रैंकिंग राज्यों, जिलों या शहरोंध्गांवों के बीच के बड़े अंतर को पकड़ ही ले। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, पोषण, लैंगिक समानता आदि विभिन्न मोर्चों पर जमीनी स्तर पर गंभीर समस्याएं हैं। नवीनतम ग्लोबल हंगर इंडेक्स में ऐसा कुछ भी नहीं बताया गया है, जो वास्तव में नया हो।

यह कोई रहस्य नहीं है कि हाल के दशकों में भारत के विकास की कहानी भूख की पुरानी समस्या और कुपोषण के खतरनाक स्तरों के साथ सह–अस्तित्व में है। पांचवें राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019–20, एनएफएचएस–5) के ताजा आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि कई राज्यों में बाल कुपोषण की स्थिति बिगड़ सकती है। उपलब्ध आधिकारिक आंकड़े हमें बताते हैं कि देश के बड़े हिस्से में बाल मृत्यु दर कम हो रही है, लेकिन कई राज्यों में बच्चे अधिक कुपोषित और खून की कमी के शिकार (एनीमिक) हैं–एनएफएचएस के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश भर में 6–59 महीने के बीच के 67.1 फीसदी बच्चे रक्ताल्पता के शिकार हैं। वर्ष 2015–2016 में यह आंकड़ा 58.6 फीसदी था। राज्यों और जिलों में भारी असमानताएं हैं। भले ही वैश्विक सर्वेक्षण कुछ भी कहें, लेकिन यह खतरे की घंटी होनी चाहिए।

वैश्विक सर्वेक्षणों में दुनिया भर के देशों का मूल्यांकन किया जाता है। ये सिर्फ भारत पर केंद्रित नहीं होते। भारत का आकलन करने के लिए वही पद्धति अपनाई जाती है, जो अन्य देशों के लिए अपनाई जाती है। हमें यह भी समझना चाहिए कि हम दोनों तरह से नहीं सोच सकते। यदि हम अच्छे अंक वाले सूचकांक पर उत्साहित होते हैं, (जैसे, विश्व बैंक के व्यापार सुगमता सर्वेक्षण, जहां भारत 2015 के 142 वें स्थान से बढ़कर 2020 में 63वें पायदान पर पहुंच गया), तो खराब रैंक पाने पर हम यह नहीं कह सकते कि यह एक साजिश है। यदि आलोचना करनी है, तो हर तरह से किसी कार्यप्रणाली की आलोचना करनी चाहिए। लेकिन हमें आत्मनिरीक्षण भी करना चाहिए और अपनी तुलना उन लोगों से भी करनी चाहिए, जो पड़ोस में और विकासशील देशों में अन्य जगहों पर बेहतर कर रहे हैं। हमें देश के भीतर देखना चाहिए और अपनी ताकत पर ध्यान देना चाहिए, यानी कौन से राज्य विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बयानबाजी से अपनी कमजोरियां छिपाने की कोशिश करने के बजाय हमें अच्छे कामकाज से सीखना चाहिए। एक राष्ट्र के रूप में अपनी ताकत, कमजोरियों, अवसरों और खतरों का निष्पक्ष मूल्यांकन करके ही हम आगे बढ़ सकते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए योग जरूरी : सौरभ दुबे

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह 14 जून से 21 जून तक, अमृत योग सप्ताह कार्यक्रम के रूप में मंगलवार को शुभारम्भ किया गया। बड़ी फील्ड पर आयोजित योगाभ्यास शिविर के पहले दिन अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व लोगों ने हिस्सा लेकर योग किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सौरभ दुबे ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग जरूरी है। बताया कि 8वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की इस बार की थीम है 'योगा फॉर ह्यूमैनिटी'। मैं आप सभी से योग दिवस को बहुत उत्साह के साथ मानने का आग्रह करता हूं। श्री दुबे ने कहा कि कोरोना महामारी ने हम सभी को ये एहसास भी कराया है कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य का कितना अधिक महत्व है और योग इसमें कितना बड़ा माध्यम है। लोग ये महसूस कर रहे हैं कि योग से फिजिकल, स्पिरिचुअल और इंटेलेक्चुअल वेल बीइंग को भी कितना बढ़ावा मिलता है।" शिव सत्संग मण्डल के केंद्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि महर्षि पतंजलि योगसूत्र के अष्टांगिक मार्ग यम,नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के माध्यम से समग्र जीवन का कल्याण किया जा सकता है। अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि विश्व के टॉप बिजनेस पर्सन से लेकर फिल्म और स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी तक, स्टूडेंट से लेकर सामान्य लोगों तक सभी योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना रहे हैं।अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने लोगों को सड़क सुरक्षा पर भी ध्यान देने का आग्रह किया। योग प्रशिक्षक योगेश गुप्ता ने योग से



लाभ बताते हुए, योगाभ्यास कराए।कहा कि जीवन में योग को प्रतिदिन करें। जनपद में सभी लोगों को योग से जोड़ा जाएगा और योग सप्ताह कार्यक्रम बहुत ही भव्यता के साथ मनाया जाएगा । योग प्रशिक्षक विशाल द्विवेदी ने बताया कि योग की थीम मानवता के लिए योग घोषित की गई है। इसलिए सब अपने जीवन में योग का हिस्सा बनाएं। योग के प्रति एक दूसरे को जागरूक कराएं योग हमारे शरीर को निरोगी बनाता है। उन्होंने कहा दुनिया भर में योग की लोकप्रियता को बढ़ता देखकर आप सभी को बहुत अच्छा लगता होगा। इस अवसर पर तहसीलदार नरेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मीकांत त्रिपाठी,सभासद तारिक खां,संजय तिवारी,नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या नूरुल हुमा,नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक अनस खां, सफाई निरीक्षक दीपक कुमार, एकाउंटेंट असद खां,हाशिम बाबू,राकेश कुमार,शान खां,अफजाल अहमद खां शज्जू , योगी श्याम सुंदर सैनी,सुतीक्षण राठौर, दर्शन लाल शर्मा, अनिल गुप्ता, परविंदर सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बड़े मंगल के उपलक्ष्य में समाजसेवी व व्यापारी अशोक सिंह ने किया भंडारे का आयोजन

सीतापुर ब्यूरो अजय कुमार सिंह : ईश्वर में आस्था रखने वाले जेठ में बड़े मंगल के अवसर पर जनपद के अलग–अलग विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें कई समाजसेवी–व्यापारी प्रभु हनुमान जी का स्मरण का इस भंडारे का आयोजन करते हैं। इसी क्रम में समाजसेवी/व्यापारी अशोक सिंह ने विकासखंड कसमंडा के ग्राम फूलपुर में भंडारे का आयोजन किया। जिसमें उनके द्वारा राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना की गई और भोग के पश्चात मीठी बूंदी, छोला पूड़ी प्रसाद का कन्या भोज बाद में प्रसाद वितरण किया गया। संवाददाता से बातचीत में अशोक सिंह ने बताया अगर ईश्वर को आप मन से याद करते हैं तो दया जरूर करती जिसके साथ प्रभु रहते हैं उसका कोई कार्य कर नहीं सकता इसी सोच को मानकर वह प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन करते हैं। इस विशाल भंडारे में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया,इस प्रमुख अवसर पर पूर्व प्रधान फूलपुर राघवेंद्र प्रताप



सिंह, रविंद्र सिंह(पत्रकार),लालता बक्श सिंह,महेन्द्र प्रताप सिंह(एडवोकेट),दिनेश कुमार सिंह,अश्वनी कुमार सिंह,प्रशांत सिंह,ज्ञान सिंह, सुनील सिंह,विक्कू सिंह,नरेंद्र सिंह, जगतपाल सिंह,शानू सिंह, मास्टर सुमेर सिंह,आकर्ष सिंह,विजय कुमार सिंह,पिंकू सिंह,पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुन्नी देवी,आंगनबाड़ी कार्यकत्री पिंकी देवी,पूर्व प्रधान जगन्नाथ गुप्ता, खुशीराम आदि भक्तगण गणमान्य उपस्थित रहे।

## विश्व रक्त कोष दिवस पर ब्लड बैंक में रक्तदान

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : विश्व रक्त कोष दिवस पर जिला चिकित्सालय सुल्तानपुर में स्थित ब्लड बैंक में स्वयंसेवी संस्थाओं ने रक्तदान कर रक्तकोश दिवस मनाया मंगलवार को सुबह 9:00 बजे रक्त कोष में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने पहले पहुंचकर डॉ रवि त्रिपाठी युवा नीरव पाण्डेय के संयोजन रक्तदान किया क्लब की ओर से कई लोगों ने रक्तदान पिया रोटरी क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी संस्था समय–समय पर रक्तदान करती रहती है रोटरी क्लब के अध्यक्ष रवि त्रिपाठी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारी व सदस्य रक्तदान करने के लिए तैयार रहते हैं यह हमारे क्लब की विशेषता है रक्त दाताओं को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एससी कौशल के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र दिया



गया प्रमुख रूप से जिला अस्पताल के स्टाफ द्वारा भी रक्तदान किया गया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा क्लब के सदस्य मनोज पांडे को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया रक्त कोष प्रभारी डॉ आर के मिश्रा ने कहा कि जनपद के स्वयंसेवी संस्थाओं का रक्तदान में विशेष योगदान रहता है।

## सामूहिक भोज एवं भंडारा सामाजिक एकता के लिए आवश्यकः सौरभ मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा मंगलवार को अंजनी कुमार पवन पुत्र हनुमानजी की कृपा व संरक्षण में मित्र परिवार के सौजन्य से मो.खत्ता निकट सोसाइटी मन्दिर के पास एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।भण्डारे में भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।भण्डारे का शुभारंभ आचार्य श्री रमेश चंद्र शुक्ल जी ने मित्र परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत रूप से हनुमानजी की पूजा अर्चना हनुमानजी चालीसा एवं भोग के साथ हुआ।भण्डारे में सर्वप्रथम कन्या भोज कराया गया।भण्डारे में मित्र परिवार के संयोजक अनुराग श्रीवास्तव, सदस्य गोपाल त्रिपाठी, प्रभाकर वाजपेयी, शिवप्रसाद श्रीवास्तव,इमरान खान, अनिल सिंह, आशुतोष मिश्रा, शिवनन्दन महाजन, भोलेनाथ महाजन,रामानंद महाजन, संदीप शुक्ला आदि सदस्यों ने जिलाध्यक्ष भाजपा हरदोई सौरभ मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा,भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, मुकुल सिंह आशा, साध्वी कमलेश वर्मा,सी.ओ.शाहाबाद विशाल यादव, कोतवाल सुरेश मिश्रा,सीएचसी प्रभारी डा.



एमपी जायसवाल आदि को प्रसाद ग्रहण कराकर हनुमानजी का चित्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सुखदेव महाजन, सोनू अग्निहोत्री,ध्रुव तिवारी, डम्मर भाई,तैय्यब, मोहित राठौर,सुनील रस्तोगी सोनी, त्रिपुरेश मिश्रा, वेदान्त शुक्ला,आशीष मिश्रा,नीरज श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, योगेंद्र यादव,अरविंद,निरंकार गुप्ता, अजय गुप्ता आदि भक्तों ने भण्डारे में सेवा कर प्रसाद ग्रहण किया।

## संघ ने छेड़ा 'भारत स्वावलंबी अभियान' : 19 होगी को कार्यशाला

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : देश को गरीबीमुक्त करने व बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिये आरएसएस ने गांव–गांव अभियान छेड़ दिया है। इसी सिलसिले में आगामी १६ जून को स्वदेशी जागरण मंच, ग्राहक पंचायत के बैनर तले जिला मुख्यालय पर कार्यशाला का आयोजन होगा।जिसमें जिले भर के प्रगतिशील किसानों, युवाओं व उद्यमियों को विशेषज्ञ आत्मनिर्भर बनने का 'गुरुमंत्र' देंगे। इसी प्रस्तावित कार्यशाला के मद्देनजर सोमवार को संघ के विभिन्न प्रकल्पों संस्कार भारती, भारतीय किसान संघ,सहकार भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, स्वदेशी जागरण मंच आदि की बैठक अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्य धीरज शर्मा के संयोजन व विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सिरवारा मार्ग पर आयोजित की गई। जिसमें अभियान के प्रभारी स्वदेशी जागरण मंच के सह समन्वयकद्वय वीरेंद्र भार्गव व उपमा शर्मा ने बताया कि, १६ जून को भारत स्वावलंबी अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉकवार समन्वयकों के जरिये प्रगतिशील किसानों और युवा उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। जिससे कि देश को गरीबी मुक्त करने के इस अभियान को सार्थक बनाया जा सके।कार्यक्रम में सीडीओ, कृषि उपनिदेशक, डीडीएम नाबार्ड व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ आत्मनिर्भरता के गुर सिखाएंगे। बैठक में विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, दीनदयाल प्रजापति, चिंतामणि शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, राजेश द्विवेदी, संजीव सिंह आदि ने सहभाग किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे स्थायी व अस्थायी गोआश्रय स्थल के प्रबंधन अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता मे स्थायी/अस्थायी गोआश्रय स्थल के प्रबंधन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि कोई भी गोवंश बीमार होता है, तो उसका उपचार तत्काल किया जाय एवं हरे चारे, चूनी–चोकर की व्यवस्था की जाय, यदि किसी भी चीज की कमी हो तत्काल अवगत कराया जाय जिससे की समय पर व्यवस्था दी जा सके। ग्रीष्म ऋतु मे पानी की व्यवस्था समस्त गोआश्रय स्थलो पर प्रचुर मात्रा मे की जाय। जिससे गोवंशों को पानी पीने में कमी न रहे। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे जो भी गोवंश निराश्रित/छुट्टा गोवंश विचरण कर रहे है उनको तत्काल गोसंरक्षण केन्द्रो मे संरक्षित कराने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगरपंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, पशुचिकित्साधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी गोवंश को संरक्षित कराये, कोई भी गोवंश शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र मे न दिखाई पड़े। जनपद मे कुल 106 अस्थायी गोआश्रय स्थल है जिसमे कुल 11837 पशु संरक्षित किये जा चुके है। पंजीकृत गोआश्रय स्थल कुल 3 है जिसमे 375 पशु संरक्षित है। इस प्रकार कुल 12212 पशु संरक्षित किये जा चुके है। मा0 मुख्यमंत्री/बेसहारा सहभागिता योजनान्तर्गत द्वारा कुल 2120 पशु सुपर्द किये गये है। वर्षा ऋतु से गोआश्रय स्थलों पर जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए रबिस एवं खड़ंजा का कार्य करा लिया जाय। जिससे कीचड़ मे धसने से किसी गोवंश की हानि न हो। जिलाधिकारी ने भूसा दान की प्रगति की भी समीक्षा की, जिसमे मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि 17408 कु0 एवं 16666 कु0 क्रय मे किया गया है। निर्देश दिया गया कि अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करके भूसा दान कराया जाय और लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। समस्त गोआश्रय स्थलों को चारागाह से लिंक कर दिया जाय एवं हरे चारे का उत्पादन किया जाय। जिससे गोवंश को हरा चारा उपलब्ध कराया जा सके। गोआश्रय स्थलो हेतु जमीन का चिन्हांकन किया गया है एवं हरा चारा बोया गया है। वृहद गोसंरक्षण केन्द्र के निर्माण की समीक्षा की गयी जिसमे वृहद गोसंरक्षण केन्द्र चोरसण्ड, मैनूद्दीनपुर, को माह जून मे पूर्ण कर हस्तगत करने हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया। कार्यदायी संस्था मैनुद्दीनपुर को निर्देशित किया गया कि धनराशि की मांग कर लिया जाय। अस्थायी गोआश्रय स्थल विद्युत कनेक्सन हेतु तत्काल नियमित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसमे ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन कर तत्काल कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया एवं नोडल अधिकारी विद्युत वितरण को निर्देश दिया गया कि आवेदन पत्र प्राप्त कर कनेक्शन नियमित किया जाय। इसकी सूचना मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायी जाय। कुपोषित बच्चो के परिवार को गोवंश गोआश्रय स्थल से दूध देने वाली गाय को सुपुर्द किया जाय इसकी सूची बाल विकास अधिकारी से प्राप्त कर इच्छुक परिवार को गोवंश उपलब्ध कराया जाय। इसके आलावा विकास खण्ड मे 50–50 लाभार्थियों का चिन्हांकन कर गोवंश आश्रय स्थल से गोवंश की सुपुर्दगी करायी जाय। निर्मित गोआश्रय स्थल को 20 जून तक क्रियाशील कराये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी एवं पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। वृहद गोसंरक्षण केन्द्र धर्मापुर कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के अनुबन्धा को वृहद गोसंरक्षण केन्द्र सरौनी पूरब पट्टी पर समिति के द्वारा संचालन मे विस्तार हेतु सहमति प्रकट की गयी और सुपुर्दगी हेतु चयनित लाभार्थियों की सूची को अनुमोदित किया गया।

## अनुशासन के चाबुक से कफ सिरप की अवैध बिक्री पर लगाम की कोशिश

जौनपुर ब्यूरो : औषधि प्रशासन कफ सिरप के अवैध इस्तेमाल और अवैध व्यापार को रोकने के लिए संजीदा है। सहायक आयुक्त औषधि वाराणसी मंडल नरेश मोहन दीपक ने पिछले दिनों परिपत्र जारी कर दवा निर्माताओं और विक्रेताओं के लिए गाइडलाइन जारी की है। जिसमें कोडीन युक्त कप सिरप के गैर चिकित्सकीय उपयोग रोकने और अवैध ट्रांसपोर्ट से बांग्लादेश तस्करी को रोकने की कवायद की गई है। कोडीन युक्त कफ सिरप निर्माता कंपनी को लिखे गए पत्र में उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है की कोडीन युक्त कफ सिरप की खेप मार्केट में भेजते समय उन्हें स्थानीय खपत की व्यवहारिक जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए और अपने डीलर से सप्लाई की गई पिछली खेप का विवरण एकत्र कर विभाग को उपलब्ध कराना चाहिए। परिपत्र में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसे कोडीन युक्त कप सिरप कंपनी के डीलर से सीधे सिर्फ फुटकर विक्रेता को ही बेचा जाए ।न कि एक होलसेलर दूसरे होलसेलर को। जिससे मरीजों को दवा के रूप में यह मिलता रहे और इसकी अवैध इस्तेमाल को रोका जा सके। इसी क्रम में जारी निर्देश के अनुसार अब दवा निर्माता अपने डीलर को एक बार में 1000 शीशियों से ज्यादा मात्रा की सप्लाई नहीं कर सकेंगे। डीएलए वाराणसी नरेश मोहन दीपक ने चेतावनी दी है इस निर्देश को न मानने वाले निर्माताओं और दवा विक्रेताओं के विरुद्ध एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 और एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस पत्र की प्रति जिलाधिकारी जौनपुर समेत मंडल के सभी जिलाधिकारियों के सूचनार्थ प्रेषित की गई है साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर जौनपुर समेत मंडल के सभी जिलों के औषधि निरीक्षकों को आदेश के क्रियान्वयन के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि जनपद जौनपुर प्रतिबंधित श्रेणी के कोडीन युक्त कप सिरप के व्यापार के लिए कुख्यात रहा है । सन 2021 की जनवरी में जनपद के शाहगंज स्थित एक



ट्रांसपोर्ट के गोदाम से 65000 से भी ज्यादा कोड़ीनयुक्त कफ सिरप की शीशियाँ एसटीएफ वाराणसी और एक्साइज की संयुक्त छापेमारी के दौरान बरामद हुई थी। जिसके लिए अनुमान लगाया जा रहा है यह है पश्चिम बंगाल बॉर्डर से बांग्लादेश भेज जाने के लिए रखी गई थी ।इसके अतिरिक्त जनपद में युवाओं द्वारा बड़ी मात्रा में नशे के लिए कोडीनयुक्त कफ सिरप का इस्तेमाल किया जाता है। नगर और ग्रामीण अंचलों में कुछ फुटकर दवा व्यवसाय इस अवैध बिजनेस में लिप्त हैं। क्या है कोडीन : यह दर्द और खांसी से राहत देने वाली दवाओं में पाया जाने वाला घटक (इनग्रीडिएंट) है। इसे हल्के नारकोटिक के तौर पर भी जाना जाता है। इसे अकेले या अन्य दवाओं के साथ मिलाकर भी दिया जाता है। शरीर में पहुंचने पर लिवर एक एंजाइम की मदद से इसे मॉर्फीन में तब्दील कर देता है। कई लोगों में इसके मॉर्फीन में तब्दील होने की गति बहुत तेज होती है। इसके कारण इनके खून में मॉर्फीन का लेवल तेजी से बढ़ जाता है जो मौत का कारण भी बन सकता है। किए जा रहे हैं प्रयास स्वागत योग्य :सीसीडब्ल्यूए प्रतिबंधित कफ सिरप की अवैध बिक्री पर लगाम लगाने के लिए उठाए गए कदमों की जनपद के अग्रणी दवा संगठन केमिस्ट एंड कॉस्मेटिक वेलफेयर एसोसिएशन ने स्वागत किया है। संगठन के अध्यक्ष महेंद्र गुप्ता ने कहा है कि उनका संगठन पिछले चार–पांच सालों से जनपद में कफ सिरप के अवैध व्यवसाय पर नकेल कसने के लिए आवाज उठा रहा है। डी.एल.ए नरेश मोहन दीपक की यह कोशिश निश्चित रूप से रंग लाएगी। अगर हमें अपनी युवा पीढ़ी को नशे की कहर से बचाना है और देश के सीमा पार के दुश्मनों के साथ गठजोड़ को तोड़ना है तो हमें अवैध व्यवसाय पर लगाम कसनी हीं होगी। अब असली जिम्मेदारी और चुनौती स्थानीय ड्रग इंस्पेक्टर के ऊपर है कि वह जनपद में कोड़ीन युक्त कफ सिरप का व्यवसाय कर रहे होलसेल रूम और फुटकर दवा व्यवसायियों को चिन्हित करें। और इस अवैध व्यवसाय पर रोक लगाएं।

## अशफाक उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान 15 जून को मनायेगा : 1857 वी क्रांति के नायक मौ. अहमद उल्ला शाह का शहादत दिवस

अयोध्या ब्यूरो : अशफाक उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान 15 जून बुधवार को 1857 वी क्रांति के नायक मौ. अहमद उल्ला शाह का शहादत दिवस मनाएगा। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण के बाद उनके योगदान पर चर्चा की जाएगी। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि मौ. अहमद उल्ला शाह के शहादत दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी सदस्यों तथा पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आयोजन ओमपुरम स्थित प्रबंध निदेशक के आवास पर सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया है।

## जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपीगण को दोषसिद्ध कर परिवीक्षा पर छोड़ा गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 27.11.1997 को समय करीब 09.00 बजे दिन को घटित अपराध के सम्बन्ध में वादी मुकदमा प्रताप बहादुर पुत्र रामचन्दर निवासी वटनहित थाना मछलीशहर जौनपुर की लिखित तहरीर पर थाना मछलीशहर में मु0अ0सं0 437ए/1997 धारा 323,504 भा0द0वि0 पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्राचीनतम वादों को निस्तारित कराने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 13.06.22 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ जौनपुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्तगण 1–लक्ष्मीकान्त पुत्र श्यामलाल व 2–श्रीकान्त पुत्र श्यामलाल निवासीगण वटनहित थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर को तुरन्त दण्डित न करते हुए छः माह के परिवीक्षा पर रखा जाता है। इस दौरान वे शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे, सदाचारपूर्वक रहेंगे और कोई अपराध कारित नहीं करेंगे। अभियुक्तगण उपरोक्त के सम्बन्ध में मु0 20,000 रूपये(बीस हजार रूपये) का व्यक्तिगत बन्धपत्र व उतने ही धनराशि के दो–दो प्रतिभू व बन्ध पत्र जिला प्रोबेशन अधिकारी के समक्ष निर्णय के 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें। परिवीक्षा के शर्तो के उल्लंघन पर उन्हे मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित होकर विधिनुसार दण्डादेश प्राप्त करना होगा। धारा 5 अपराधी परिवीक्षा अधिनियम 1958 के तहत प्रत्येक अभियुक्तगण द्वारा रूपये 1,000–(एक हजार) रूपए वादी मुकदमा प्रताप बहादुर तथा रूपए 1,000–(एक हजार) चोटहिल रामचन्दर को प्रतिकर के रूप में देय होगा जिसे उपरोक्त उल्लिखित अवधि के अन्दर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर में जमा किया जाय जिसका भुगतान प्रताप बहादुर व रामचन्दर के आवेदन पर किया जायेगा। निर्णय के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में अभियुक्तगण धारा 437 क दं0प्र0सं0 के तहत छःमाह तक पूर्व निष्पादित जमानत बन्ध पत्र पर रहेंगे।

## थाना जलालपुर पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने 60 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब व बनाने के उपकरण सहित 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के प्रवेक्षण में थाना जलालपुर पुलिस ने आबकारी निरीक्षक श्री दिनेश कुमार मय हमराह भ्ृ सुरेश चंद्र पटेल व का0 यशवंत कुमार के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ग्राम पुरेव व नहोरा भवदेपुर के ईट भट्ठो पर दबिश देकर संधन चेकिग अभियान चलाकर तीन अभियुक्तो को तीन प्लास्टिक के डिब्बे में 20–20 लीटर नाजायज कच्ची अपमिश्रित शराब व कच्ची शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 209/22 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि बनाम बजरंगी राजभर उपरोक्त आदि दो नफर व मु0अ0सं0 210/22 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि बनाम महेन्द्र चौहान के पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1.बजरंगी राजभर पुत्र मुन्नीलाल राजभर ग्राम सलेमपुर सुल्तानपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर। 2.जयराज पटेल पुत्र स्व0 रामबरन पटेल ग्राम सलेमपुर सुल्तानपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर। 3–महेंद्र चौहान पुत्र स्व0 गरीब चंद चौहान ग्राम राजा बिगहा थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद बिहार। बरामदगी– 1.बजरंगी राजभर पुत्र मुन्नीलाल राजभर ग्राम सलेमपुर सुल्तानपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर के कब्जे से एक पिपिया में 20 लीटर कच्ची देशी शराब नाजायज व कच्ची अपमिश्रित शराब बनाने के उपकरण व एक प्लास्टिक की पाइप , भगौना , यूरिया , नौसादर,



गुड़। 2.जयराज पटेल पुत्र स्व0 रामबरन पटेल ग्राम सलेमपुर सुल्तानपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर के कब्जे से एक पिपिया में 20 लीटर कच्ची देशी शराब नाजायज व कच्ची अपमिश्रित शराब बनाने के उपकरण व एक अदद प्लास्टिक की पाइप , भगौना , यूरिया , नौसादर, गुड़। 3.महेंद्र चौहान पुत्र स्व0 गरीब चंद चौहान ग्राम राजा बिगहा थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद बिहार के कब्जे से एक पिपिया में 20 लीटर कच्ची देशी शराब नाजायज व कच्ची अपमिश्रित शराब बनाने के उपकरण व एक अदद प्लास्टिक की पाइप , भगौना , यूरिया , नौसादर, गुड़। आपराधिक इतिहास– बजरंगी राजभर पुत्र मुन्नीलाल राजभर ग्राम सलेमपुर सुल्तानपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर। 1–मु0अ0सं0 209/22 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि थाना जलालपुर। जयराज पटेल पुत्र स्व0 रामबरन पटेल ग्राम सलेमपुर सुल्तानपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर। 1–मु0अ0सं0 209/22 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि थाना जलालपुर। महेंद्र चौहान पुत्र स्व0 गरीब चंद चौहान ग्राम राजा बिगहा थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद बिहार। 2–मु0अ0सं0 210/22 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 272 भादवि थाना जलालपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 रामदरश थाना जलालपुर जौनपुर। 2.हे0का0 विनोद मिश्रा, हे0का0 मानस तिवारी, का0 छंगालाल, का0 भोलानाथ दुबे, का0 आनन्द कुमार,का0 सुनील कुमार यादव थाना जलालपुर जौनपुर।

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, जिला प्रबन्धन समिति एवं जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति, जिला प्रबन्धन समिति (डीएमटी) एवं जनपद स्तरीय समन्वय समिति (यूनिवर्सल आई0डी0) की बैठक विकास भवन सभागार में की गयी। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण हेतु पात्र दिव्यांगजनों के सर्वेक्षण कराकर पात्र दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण हेतु आवेदन पत्र, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला को उपलब्ध करायें। समस्त खण्ड विकास अधिकारी, दुकान संचालन एवं शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु प्रति विकास खण्ड से कम से कम एक आवेदन आनलाइन कराकर आवेदन पत्र की हार्ड कापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को उपलब्ध करायें। उन्होंने डी0सी0 मनरेगा से कहा कि हर ग्राम सभा में कम से कम एक दिव्यांगजन को मनरेगा अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, काक्लियर इम्प्लांट हेतु 0 से 06 वर्ष के मूक बधिर दिव्यांगजनों को सर्वेक्षण कराकर सूची जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी उपलब्ध करायें। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जनपद के कुष्ठ रोगियों की अद्यतन सूची जिला कुष्ठ अधिकारी से प्राप्त कर अवगत करायें, जिससे और अधिक पात्र कुष्ठजनों को कुष्ठावस्था पेंशन दिया जा



सके। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी निर्देशित किया कि जनपद के समस्त दिव्यांग पेंशनर्स के यू0डी0आई0डी0 (स्मार्ट कार्ड) अतिशीघ्र बनवा लें।

## जिलाधिकारी द्वारा बहरा पार्क सिंगरामऊ का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा बहरा पार्क, सिंगरामऊ का निरीक्षण किया गया। 10 एकड़ में फैले एवं पीली नदी के किनारे स्थित पार्क के निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिया कि पार्क में वृहद वृक्षारोपण किया जाए एवं 21 जून को योग दिवस के अवसर पर पार्क में ही योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। पार्क में ब्रेंच, झूला ठीक कराने एवं वृहद रूप से साफ–सफाई कराने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि पार्क को आकर्षक बनाया जाए। जिलाधिकारी ने पार्क परिसर में बने निरीक्षण भवन को ठीक कराने के निर्देश दिया और कहा कि तत्काल शौचालय ठीक कराये एवं सोलर पैनल लगाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा, खंड विकास अधिकारी शरद श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत संतोष दुबे, विपिन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## विश्व योग दिवस 21 जून की तैयारी के संदर्भ में जिलाधिकारी नें की बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व योग दिवस 21 जून की तैयारी के संदर्भ में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 14 जून से 20 जून 2022 तक सात दिवसीय अभ्यास को सकुशल संपन्न कराएं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आम



जनमानस को योगा का लाभ के बारे में जागरूक करते हुए समस्त विभाग योगाभ्यास करें। उन्होंने कहा की योग में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट्स गाइड्स के बच्चो को भी योग से जोड़ा जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालय में सभी शिक्षक उपस्थित होकर योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करें। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सभी ऐतिहासिक, धार्मिक, प्राकृतिक स्थानों पर योगा का प्लान कर ले। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान व लेखपालों को योग अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करें। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि जनपद के सभी पीएचसी, सीएचसी और हेल्थ वैलनेस सेंटर पर योग का अभ्यास करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों का निदान संभव है। अतः सभी को योग से जोड़ें। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील किया कि योग करते समय की फोटो आयुष कवच ऐप पर अपलोड करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला पंचायत राज अधिकारी, पतंजलि योग योगा ट्रेनर अचल हरिमूर्ति, सहित समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ताकत विहीन विद्युत खंभा दे रहा है गिरने का संकेत : फिर भी विभाग बेखबर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र में जहां पर सतहरिया हाइवे में मुंगराबादशाहपुर मार्ग मिलता है,ठीक उसी के पास लगा विद्युत खंभा ताकत विहीन हो कर जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। जो हमेशा गिरकर किसी अनहोनी घटना होने का संकेत देता रहता है। फिर भी विद्युत विभाग जान कर भी अनजान बना हुआ है। लगता है कि उसे टेड़े खंभे से किसी बड़ी घटना होने का इंतजार है। उस खंभे के पास ट्रकों का जमवाड़ा तथा रातों दिन फैक्ट्रीयों में कार्यरत कर्मचारियों, वाहनों व लोगों का आना जाना लगा हुआ है। इस विद्युत खंभे का ठिया जमीदोंज हो चुका है। सीडा विकास समिति के अध्यक्ष शिवा जी सिंह ने बताया कि सीडा का स्थापना जब हुआ था उस समय से यह विद्युत खंभा लगाया गया है। इस जर्जर खंभे को बदलवाने के लिए विद्युत विभाग कहने के बाद भी सुनी नहीं गई। मुख्य रूप से गोल्डी सिंह, विनय सिंह, राम मोहित मौर्य, अनिल चौबे, आदि ने जिला प्रशासन से विद्युत खंभा बदलवाने की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के परियत बाजार में सोमवार की रात एक व्यक्ति फांसी के फंदे पर लटकते देख गांव में हड़कम्प मच गया।सुबह परिजनों को फांसी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया। परियत बाजार निवासी 45 वर्षीय फैजू उर्फ असलम एक नए मकान का निर्माण करा रहे थे। उस बीच बगल में ही एक रूम किराए पर लेकर अपनी पत्नी और तीन बच्चियों के साथ रहते थे।रात को फैजू उर्फ असलम नए मकान में पहली बार सोने के लिए गए सुबह जब फैजू नहीं उठे तो परिजन जब नए मकान पर गए तो पंखे के क्लिप के सहारे रस्सी से फांसी पर झूल रहे थे यह देखकर परिजन हबाक रह गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक के गर्दन पर दो जगह घाव के निशान और फांसी वाले जमीन पर खून गिरा था।फांसी लगने पर आसपास के लोग तरह–तरह की चर्चा कर रहे हैं।थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी लगेंगी।पत्नी जहारा व तीन पुत्रियां रेशमा, नेहा, समा का रो रोकर बुरा हाल है।

## फोटोनिक्स एवं फाइबर ऑप्टिक्स लैब का उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान स्थित नवनिर्मित भवन में फोटोनिक्स एवं फाइबर ऑप्टिक्स लैब का उद्घाटन कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के कर कमलों द्वारा हुआ। उन्होंने मशीन को ऑपरेट कर उसकी फंक्शनिंग के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहा कि विश्वविद्यालय इंजीनियर संस्थान के विद्यार्थियों के शिक्षा की गुणवत्ता में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। उन्हें अत्याधुनिक लैब की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि फोटोनिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से ही हाई स्पीड इंटरनेट मोबाइल एवं कंप्यूटर प्रक्रिया चलती है। इस प्रकार से हमने जो पेट्रासिस ग्लोबल मुंबई के साथ करारनामा किया है उनसे इन गतिविधियों के संचालन में सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इन्स्टीट्यूट इंडस्ट्री इंटरेक्शन के अंतर्गत हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को फोटोनिक एवं फाइबर ऑप्टिक्स के क्षेत्र में काम करने का अच्छा अवसर मिलेगा। उन्हें देश की समस्त फोटोनिक इंडस्ट्री के साथ मिलकर इनोवेशन एवं विकास को तेजी से आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। साथ ही उन्हें इस विधा में हमारे कारनामे के प्रतिनिधि के द्वारा विद्यार्थियों को इंटरशिप का की सुविधा भी मिलेगी। इस मौके पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय और डीन इंजीनियरिंग प्रो.बी बी तिवारी भी उपस्थिति थे। लैब में फाइबर ऑप्टिक्स उपकरण के बारे में डॉक्टर फिलिप कैस्सी ने बहुत महत्वपूर्ण जानकारी एवं उसके एप्लीकेशन के बारे में सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रवीण सिंह, शैलेश प्रजापति,सुधीर सिंह, दीपक सिंह, डॉ अजय, मिस पूनम सोनकर, प्रीति शर्मा, पारुल जी एवं श्री विशाल यादव जी की गरिमामयी उपस्थित थीं।

## योग को बनाए जीवनशैली का हिस्सा : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन परिसर में खेलकूद परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अमृत योग सप्ताह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि अमृत योग सप्ताह उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की भागमभाग की दुनिया में स्वास्थ्य विश्व की सबसे बड़ी चुनौती है, इसलिए योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। इसे न केवल उस दिन बल्कि अपने जीवन में इसे हर दिन अपनाएं और स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। इस अवसर पर आर्ट आफ लिविंग बेंगलूरू के योग प्रशिक्षक ई. अंकुशजी ने कहा कि योग व्यक्ति में आत्मविश्वास पैदा करता है। उन्होंने तितली आसन, शवआसन, सूर्य नमस्कार, नाड़ी शोधान, ताड़ आसन समेत कई आसनों को कराया। इसके पूर्व सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम सुबह पौने छह बजे से शुरू हुआ। योग प्रशिक्षक के साथ सहायक के रूप में विकासजी थे। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव अमृत लाल,



बबिता सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. मनोज कुमार पांडेय, एनएसएस समन्वयक डा. राकेश यादव, डा. सुनील कुमार, डा. गिरधर मिश्र, डा. अवध बिहारी सिंह, डा. धीरेंद्र चौधरी, डा.पुनीत धवन, डा. दिव्यंदु मिश्र, डा.आलोक वर्मा, डा. इंद्रेश कुमार, मनमोहन भट्ट, अरूण शर्मा, पंकज सिंह, सुशील प्रजापति, धीरज श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, आदर्श अरूण आदि शामिल थे।

## 'रक्तदान करना मानवता के प्रति सच्ची सेवा : बृजेश सिंह प्रिंसू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी, एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवम जेसीआई जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में शहीद उमानाथ सिंह जिला चिकित्सालय में रक्तदान एवम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह, प्रिंशु मुख्य चिकित्साधिकारी डा लक्ष्मी सिंह, शिवानी रावत सचिव ,पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि रक्तदान को लेकर आम जनमानस में कई भ्रांतियां हैं, उन्हें भय है कि रक्तदान करने से कोई समस्या हो सकती है, परंतु ऐसा नही है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना मानवता के प्रति सच्ची सेवा है आज आम जन को बृहद पैमाने पर जागरूक करने की आवश्यकता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डा लक्ष्मी सिंह ने रक्तदान के फायदे बताते हुए सभी को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त देने से किसी की जिंदगी को बचाया जा सकता है। रक्तदान एवम जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने कहा कि रक्तदान की कीमत उस समय पता चलती है जब किसी अपने नजदीकी व्यक्ति को रक्त की




आवश्यकता होती है।एक यूनिट रक्त से चार व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनोज वत्स ने बताया कि वर्ष 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रास संघ ने 14जून को पहली बार रक्तदान दिवस की शुरुआत की तब से निरंतर रेडक्रास रक्तदाता दिवस संचालित करता है। कुल 24 यूनिट रक्तदान हुआ। इस कार्यक्रम में डा राजीव कुमार , डा कमर अब्बास डा अंजू सिंह अमित गुप्ता रवि सिंह संजय सिंह सलिल यादव जनार्दन सिंह राकेश मिश्रा अमित सिंह डा हेमंत सिंह अश्विनी सिंह करन सिंह राजकुमार बिंद कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ मनोज वत्स और आभार डॉ विमला सिंह ने किया।

# व्यापार मंडल ने रक्तदान करवाया

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : नगर उद्योग व्यापार मंडल आज विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आईएमए भवन, लाइन बाजार,में अमर उजाला परिवार के आह्वान पर व्यापारियों को रक्तदान के लिए जागरूक करने के साथ–साथ रक्तदान भी करवाया, मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा जी एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर संजय जी जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन जी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी जी उपस्थित रहे जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान कर लोगों को जीवन दान देने का कार्य करें उन्होंने व्यापार मंडल के साथ–साथ सभी सामाजिक संगठनों को रक्तदाता की सूची बनाने के लिए कहा जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने रक्तदान करने वाले सभी व्यापारियों को व्यापार मंडल के मंच पर सम्मानित करने के लिए कहा इस अवसर पर अंकुर शुक्ला नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि, मनोज वत्स,अतुल गुप्ता, कृष्ण कुमार जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव,




अजय सिंह, श्रीकांत माहेश्वरी, रविकांत जायसवाल, मोहम्मद दानिश,अजय गुप्ता, संजय बैंकर, मनोज कुमार साहू, नीरज शाह, निरंजन वर्मा, संतोष साहू,लोकेश साहू, सुरेश शर्मा आदि व्यापारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद मुस्तफा ने किया आए हुए सभी व्यापारियों का धन्यवाद नगर महामंत्री मुन्ना लाल अग्रहरि ने व्यक्त किया!

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित व विशाल रक्तदान व विधिक जागरुकता शिविर

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022–23 में दिये गये निर्देशों एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अनुमति से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला चिकित्सालय (उमानाथ सिंह) जौनपुर में विशाल रक्तदान शिविर एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती शिवानी रावत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रक्तदान शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लोगों को स्वेच्छिक रक्तदान हेतु प्रेरित करने के लिए एम0एल0सी0 बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू, मुख्य चिकित्साधिकारी श्रीमती जी0एस0बी0 लक्ष्मी सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर व जिला चिकित्सालय के चिकित्साधिकारीगण एवं रेड क्रास सोसाइटी से पदाधिकारीगण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 35 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया तथा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

## आर्बिट्रेशन वाद सम्बन्धित विशेष लोक अदालत 03 जुलाई 2022 की तैयारियों हेतु हुई बैठक

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों पर उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, माननीया जनपद न्यायाधीश/अध्यक्षा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशानुसार 03 जुलाई 2022 आर्बिट्रेशन वाद (Hire Purchase Matter) के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष लोक अदालत जनपद न्यायालय परिसर में प्रातः 10.00 बजे से आयोजित की जायेगी। लोक अदालत को व्यापक रुप से सफल बनाये जाने के क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती शिवानी रावत, द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकगण के साथ बैठक कर निर्देश जारी किये गये। सम्मन/नोटिस तामिला किये जाने हेतु ड्यूटी लगायी गयी तथा आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी।

## समाजसेवी ने अयोध्या के पौराणिक तालाबों की सूची सीएम को भेजी

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या के विकास में आमजन का भी हो सहयोग राजेश सिंह मानव अयोध्या देश की सबसे बड़ी संसद और प्रदेश की विधानसभा में कमल खिलने और वर्तमान सरकार की कार्यशैली से वरिष्ठ समाज सेवी राजेश सिंह ''मानव' को जनपद के तालाबों में कमल खिलने की उम्मीद जागी है। जनौरा निवासी समाजसेवी श्री मानव ने जनौरा के कुछ पौराणिक तालाबों व सरोवरों पर हो अवैध कब्जे की आवाज 1988 में उठाई थी जिसका परिणाम 2010 कोर्ट के आदेश के बाद मिला था तब से आज तक वह इन पौराणिक तालाबों को कब्जे से मुक्त कराने की लड़ाई लड़ रहे है जिन्हें प्रदेश में दूसरी बार योगी जी की सरकार आने व अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर को लेकर यहां के पौराणिक तलाबों व सरोवरों की भव्यता व उसके विकास की एक बड़ी उम्मीद जगी। तो उन्होंने सरकार हाकिमों ने याद कर उन कब्जसुदा तालाबो की सूची मांगनी शुरू कर दी। इसी कड़ी में अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव व नगर आयुक्त विशाल सिंह ने राजेश सिंह से सीधा संपर्क कर उनसे कब्जसुदा तालाबो की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिसके बाद श्री सिंह की मानो तो मन की मुराद पूरी हो गयी। तो वहीं लगातार तीन दिनों तक वह विकास प्राधिकरण के दफ्तर का चक्कर लगाया परन्तु सचिव की व्यस्तता के चलते उनसे मुलाकात नहीं हो सकी और उसकेबाद वह छुट्टी लेकर चले गए इसपर श्री सिंह ने बिना देरी किये उक्त तालाबो की सूची को सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय व उनके मुख्य सचिव को आईजी आरएस पर ऑनलाइन भेज दिया। जिससे कि सरकार को तालाबो को कब्जा मुक्त कराने में आसानी हो। उन्होंने बताया कि जिस तरह भाजपा सरकार अयोध्या के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है ऐसे में अयोध्या की आमजनता को भी विकास में सहयोग करना चाहिए जिससे विश्व मे अयोध्या का बड़ा नाम हो। उन्होंने बताया कि वर्ष 1988 से हमने तालाबों पर हो रहें अवैध कब्जे की आवाज उठाई थी जिसका सफल परिणाम अब मिल रहा है। बताया कि 2010 में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को नजरन्दाज कर व पूर्ववर्ती सरकारों की उदासीनता के चलते धन लोलुप तहसील कारिन्दे दुरभिसंधि कर तालाबों व सरकारी जमीनों की नवैइयत बदलकर भू–माफियाओं के हवाले करने वालों की वर्तमान सरकार की कार्यशैली से हतप्रभ कर रखा है। जो भू–माफिया से मिलीभगत कर सरकारी जमीनो एवं तालाबों को हड़प कर उसे महंगे दामो पर बेंचकर कंकरीट का जंगल खड़ा कर रहे थे आज सकते में हैं। रामलला की गरिमा एवं जनता की मन्शा के अनुरूप जिस तरह से सरकार अयोध्या को विश्व की श्रेष्ठतम नगरी बनाने में लगी है। तालाबों का संरक्षण से पर्यावरण संतुलन होगा और जल का संरक्षण एवं भू–गर्भ जल स्तर कायम रखने के उद्देश्य से तालाबों के वजूद को बचाना और उसे मूलरूप देना ही पड़ेगा अन्यथा आने वाले दिनों में हमें भारी जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक अकेले मौजा जनौरा नगर निगम भीतर लगभग चार दर्जन तालाबों की नवैइयत बदलकर अधिकांश बेंच डाला गया है। जिनमें कई पौराणिक तालाब हैं जिनका उल्लेख प्राचीन ग्रन्थों जैसे कि स्कन्दपुराण में किया गया है। जैसे कि तालाब गाटा संख्या 586 अंदर नगर निगम जहां की मन्तेश्वर महादेव मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित है जिसका उल्लेख स्कन्दपुराण में है जिनमें कभी कमल के फूल उगा करते थे। मजे की बात यह है कि जिनको रक्षा का दायित्व सौंपा गया है वही लोग इस कारनामें को अंजाम दे रहे थे। ग्राम समाज की जमीन हो या तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने व मूल स्वरूप की मुहिम को बीते तैंतिस वर्षों से वरिष्ठ समाज सेवी राजेश सिंह ''मानव'' ने अपने संगी साथियों के साथ छेड़ रखा है। कई प्रकरणों को हाईकोर्ट तक पहुंचाकर सफलता हासिल की। अपने गांव इमिलिया तालाब से 1988 में शुरू मानव की मुहिम आज भी जारी है। प्रदेश के सभी जिलों में भू–माफियाओं को सूचीबद्ध किये जाने के शासनादेश के अनुपालन को लेकर वर्ष 2008 में धरना दे चुके मानव सर्वप्रथम वर्तमान अयोध्या जनपद में सूची बनवाने में सफल रहे। सरकारी जमीनों और तालाबों को बचाने के जोखिम भरे अभियान में लगे राजेश मानव ने बताया कि इसकी शुरूआत गाँव के ही इमिलिया तालाब से की, उस समय जिले में सक्रिय कुछ गोलबन्द भू–माफियाओं ने तत्कालीन एसडीएम भगेलू राम के फर्जी हस्ताक्षर बना गाटा सं0 830 तालाब सहित चार अन्य भू–खण्डों गाटा सं० 826, 687, 1218, 427 ग्राम जनौरा व रानोपाली (बा0न0पा०) को एक ही फर्जी आदेश से अपने नाम करा लिया। जिसके विरूद्ध 1990 से दायर मुकदमें में 7 दिसम्बर 2010 में हाईकोर्ट के आदेश के बाद मुक्त कराया गया था।

## आदित्य ठाकरे 15 जून को आएंगे अयोध्या : भगवान रामलला का लेंगे आशीर्वाद

अयोध्या ब्यूरो : महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे भगवान राम का आशीर्वाद लेने रामनगरी अयोध्या आ रहे हैं. शिवसेना सांसद संजय राउत ने सोमवार को पुष्टि की है कि आदित्य ठाकरे 15 जून को अयोध्या जाएंगे. इसके साथ ही संजय राउत ने यह भी साफ कर दिया है कि आदित्य ठाकरे का दौरा राजनीतिक नहीं है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे का अयोध्या दौरा ऐसे समय पर है, जहां हिंदुत्व के मुद्दे पर उनकी पार्टी को बीजेपी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में आदित्य ठाकरे के चाचा और मनसे प्रमुख राज ठाकरे मस्जिदों के ऊपर से लाउडस्पीकर हटाने का आह्वान किया था. इसके साथ राज ठाकरे ने भी कहा था कि वह इस महीने अयोध्या जाएंगे, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से उनकी दौरा कैंसिल करना पड़ा. संजय राउत ने कहा कि आदित्य ठाकरे 15 जून को यूपी की राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और वहां से वह अयोध्या जाएंगे. राउत ने कहा कि ठाकरे राम लला का आशीर्वाद लेंगे और वह राम मंदिर के निर्माण स्थल का भी दौरा करेंगे. इसके साथ ही आदित्य ठाकरे सरयू नदी के किनारे आरती में भी शामिल होंगे. संजय राउत ने कहा कि आदित्य ठाकरे का अयोध्या जाना कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है. राउत न जानकारी देते हुए कहा कि वह खुद अयोध्या जाएंगे. बता दें कि आदित्य ठाकरे पहले 10 जून को अयोध्या जाने वाले थे, हालांकि राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर उन्होंने अयोध्या जाने की तारीख बदलकर 15 जून कर दी थी. अपने इस दौरे को लेकर आदित्य ठाकरे ने कहा कि हम भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए अयोध्या जा रहे हैं।

## खबर चलाने से नाराज दारूबाज नाविक ने पत्रकार की मोबाइल छीनी

अयोध्या ब्यूरो : खबर चलाने से नाराज नशे में धुत नाविक ने पत्रकार की मोबाइल छीनी एक तरफ एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने पत्रकारों के लिए बेहतर सुविधा से नवाज रही है वहीं दूसरी तरफ सरजू स्नान घाट पर कार्तिक पूर्णिमा का कवरेज करने गए पत्रकार की मोबाइल उस समय नशे में धुत नाविक ने छीन ली जब पत्रकार अपने मोबाइल से सरजू स्नान घाट पर अपने अखबार के लिए कवरेज कर रहा था तभी नशे में धुत एक नाविक ने पत्रकार से बदसलूकी करते हुए वीडियो ना बनाने के लिए कहा जिस पर पत्रकार ने अपने अखबार के लिए फोटो व वीडियो के लिए उससे बात कही इतने में वह नशे में धुत नाभिक आग बबूला हो गया और पत्रकार की मोबाइल ही छीन ली जिसका वीडियो पत्रकार के पास मौजूद मामला नया घाट पुराने पुल के पास का। अब देखना यह है अब देखना यह है कि ऐसे नशेबाज नाविकों पर नया घाट प्रशासन कब और कैसे लगाम लगाती है जिससे दूर दराज से आए तीर्थ यात्रियों को स्नान करने में कोई असुविधा ना हो आए दिन सरयू स्नान घाट पर लोगों की डूबने की खबर प्रकाशित होती रहती है और सुनाई पड़ती रहती हैं वहीं दूसरी तरफ इन्हीं नाविकों के द्वारा किए गए अतिक्रमण से यात्री जब स्नान का स्थान नहीं पाते हैं तो गहरे पानी में चले जाते हैं जिससे उनकी डूबने से अस्मिक मौत हो जाती है शासन व प्रशासन से विनम्र निवेदन है कृपया स्नान घाट पर हो रहे असुविधा को देखते हुए जल्द से जल्द ऐसे नशेबाज नाविकों के ऊपर कार्रवाई करके लोगों के जान से खेलने वाले नाविकों को दंडित करें।

## अब बाबा के अन्नपूर्णा भवन में निशुल्क प्रसाद पा सकेंगे श्रद्धालु

वाराणसी ब्यूरो : श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी अब बाबा दरबार में प्रसाद भी ग्रहण कर सकेंगे। बाबा के धाम में श्रद्धालुओं के लिए सोमवार से बाबा का भंडारा शुरू हो गया। नवनिर्मित भोगशाला की शुरुआत श्रद्धालुओं को प्रसाद खिलाने के साथ हुआ। सोमवार को न्यास सदस्य ब्रज भूषण ओझा और काशी विद्वत परिषद के प्रो. रामनारायण द्विवेदी के आचार्यत्व में 51 ब्राह्मणों ने मंगलाचरण का पाठ किया। इकसे बाद आम श्रद्धालुओं के भोजन प्रसाद के लिए भोगशाला का शुभारंभ कर दिया गया। मंदिर प्रशासन ने नवनिर्मत भोगशाला को अन्नपूर्णा भवन नाम दिया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि दोपहर की भोग आरती के पश्चात दर्शनार्थी बाबा के परिसर में शुद्ध और सात्विक प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। यह भोगशाला कालिका गली स्थित सरस्वती फाटक के पास बनाया गया है। जहां आसानी से श्रद्धालु दर्शन करने के उपरांत पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। नीलकंठ महादेव और अमृतेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालु कर सकेंगे पूजा पाठ श्री काशी विश्वनाथ धाम में अब श्रद्धालु नीलकंठ महादेव और अमृतेश्वर महादेव का दर्शन कर सकेंगे। काशी खंडोक्त मंदिरों को जीर्णोद्धार के बाद सोमवार से आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया है। धाम के निर्माण के दौरान इन दोनों मंदिरों में आम दर्शनार्थियों का दर्शन–पूजन बंद चल रहा था, जमीन से लगभग 20 से 30



फीट नीचे दोनों मंदिर स्थित हैं। सोमवार को मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, न्यास सदस्य ब्रजभूषण ओझा और काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी की उपस्थिति में दोनों मंदिरों का पूजन–अर्चन किया गया। षोडशोपचार पूजन के बाद मंदिर को आम दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि मंदिर में प्रकाश और हवा की व्यवस्था के लिए ही स्टील की जाली चारों ओर लगाई गई है वहीं स्टील की चादर से ही इन मंदिरों का छाजन बनाया गया है। सीढ़ियों पर किनारे की ओर स्टील की रेलिंग भी लगाई गई है ताकि दर्शनार्थी आसानी से इन को पकड़कर नीचे जा कर पूजा पाठ कर सकें।

## शहर सीमा में लोक निर्माण विभाग अपने सभी मार्गो पर हुए अतिक्रमण को हटाने की करेगा कार्यवाही

अयोध्या ब्यूरो : शहर के आबादी से निकलने वाले सभी लोक निर्माण विभाग के मार्गो पर हुए अतिक्रमण का सीमांकन राजस्व टीम के साथ लोक निर्माण विभाग करेगा।रविवार को रूदौलो अमानीगंज मार्ग और नयागंज ऐहार मार्ग पर हुए अतिक्रमण का सीमांकन कर अतिक्रमण की जद में आने वाले भवन पर लाल निशान लगया गया। उपजिलाधिकारी रूदौली स्वप्निल यादव ने बताया रूदौली शहर सीमा में लोक निर्माण विभाग अपने सभी मार्गो पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही कर रहा है।राजस्व विभग के भुचित्र के अनुसार सीमांकन किया जाना है।बताया रूदौली लोहिया पुल मार्ग,रुदौली रौजागाव मार्ग,नयागंज ऐहार मार्ग,रुदौली अमानीगंज मार्ग को पीडब्लूडी व राजस्व विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए जल्द ही सीमांकन कर रहा है।सीमांकन के बाद मार्ग पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जायेगा।अतिक्रमण की जद में आने वाले मकान,दुकानों पर लाल निशान लगाया जायेगा।लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राम शंकर यादव ने बताया कि रूदौली अमानीगंज मार्ग,नयागंज ऐहार मार्ग का सीमांकन किया जा रहा है।सरकारी मार्ग पर हुए निर्माण को न हटाने वालो पर कार्यवाही की जाएगी।भेलसर रूदौलो पौशाला मार्ग पर अतिक्रमण हटाने का स्थागित कार्य जल्दी ही शुरू किया जयेगा।

## जनपद में डूबने की घटना को लेकर रोकथाम व बचाव को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, जिलाधिकारी नितीश कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जनपद में डूबने की घटनाओं की रोकथाम, बचाव हेतु कार्ययोजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहुत की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि अयोध्या में नयाघाट, राम की पैड़ी व गुप्तारघाट में डूबने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए बेहतर प्लान बनाया जा रहा है। बैठक में सांसद एवं अधिकारियों ने यूनीसेफ के अधिकारियों के साथ बेहतर प्लान के लिए गहनता से मंथन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि यूनीसेफ के सहयोग से स्थलीय निरीक्षण करके बेहतर प्रस्ताव बनाया जायेगा। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पौराणिक कथानकों में सरयू नदी में स्नान के महत्व का काफी प्रमुखता से वर्णन किया गया है। सरयू में स्नान करने से सभी तीर्थ में स्नान का पुण्य मिलता है। धार्मिक आयोजनों, विशेष पर्वो में लाखों की संख्या में श्रद्धालु सरयू में आस्था की डुबकी लगाते है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आने हजारों श्रद्धालु रोजाना सरयू में स्नान करके पुण्य कमाते है। सरयू नया घाट, राम की पैड़ी व गुप्तारघाट को सरकार ने पयर्टन स्थल के रुप में विकसित किया है। सरयू तट पर स्थित घाटों जिसमें गुप्तारघाट भी शामिल है। सरकार ने इसका पयर्टन की दृष्टि से पुर्ननिर्माण व सौन्दर्यीकरण किया है। इसके साथ राम की पैड़ी में अविरल जल प्रवाह सरकार की बड़ी उपलब्धियों में एक है। जिलाधिकारी ने बताया कि सरयू नदी में नया घाट, गुप्तारघाट व रामकी पैड़ी में श्रद्धालुओं के डूबने की समस्या को काफी गम्भीरता से लिया जा रहा है। इसको लेकर अपर मुख्य सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त के साथ लखनऊ में काफी गहनता के साथ विचार–विर्मश किया गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं व पयर्टकों को सुरक्षित स्नान कराना हमारी प्राथमिकता है। जिसको लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन व यूनीसेफ के अधिकारियों के साथ विस्तार से वार्ता की गयी। यहां डूबने से होने की मौतो को रोकने के लिए जिला प्रशासन व यूनीसेफ के अधिकारी मौके पर जाकर एक बेहतर प्रस्ताव बनायेंगे। इस प्रस्ताव को शासन को भेजा जायेगा। शासन से प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करवाके इस पर कार्यवाही प्रारम्भ करायी जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री महेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी व यूनीसेफ के अधिकारियों में डिजास्टर रिस्क रड्यूशन कनसनटेन्ट उर्वशी चन्द्रा, अंकिता पधालनी, अर्चना बिसोई उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई बीकापुर का पांचवें दिन धरना हुआ समाप्त

अयोध्या ब्यूरो : भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई बीकापुर द्वारा तहसील परिसर (शहीद स्मारक) पर चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना पांचवे दिन उप जिला अधिकारी बीकापुर, क्षेत्राधिकारी बीकापुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बीकापुर, संयुक्त खंड विकास अधिकारी बीकापुर की लंबी वार्ता के बाद एवं समस्या समाधान का सशत आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। ज्ञातव्य है कि 12 सूत्रीय समस्याओं को लेकर जिसमें मु अ सं 166 ध22 धारा 419 420 467 468 471 504 506 392 427 323 भादवि थाना कोतवाली बीकापुर के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने एवं जल्दी विवेचना करने ,गन्ना पेराई सत्र 2021– 22 के गन्ना मूल्य भुगतान करने, नगर पंचायत बीकापुर की गौशाला सेमरा की बैरिकेडिंग ठीक करने तथा मृतक जानवरों की मिट्टी गहराई में कराने, काली प्रसाद मौर्य पुत्र ननकू निवासी रामनगर को चोरे चौकी इंचार्ज द्वारा की गई अभद्रता की जांच कराकर चौकी इंचार्ज को निलंबित करने ,विंध्यादिन कोरी पुत्र राम बक्स निवासी मुकीमपुर पहाड़पुर की जमीन पर कब्जा दिला कर बाउंड्री वॉल बनाने, विद्युत आपूर्ति 18 घंटे करने तथा ट्यूबवेल पर मीटर न लगाने, बंद पड़े राजकीय नलकूपों को ठीक कराने तथा नाली चकमार्ग, खलिहान, चारागाह आदि को खाली कराने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना 9–6 –2022 चलाया जा रहा था जिस पर लंबी वार्ता के बाद अभिलंब समस्या समाधान करने के आश्वासन के बाद भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त की घोषणा कर दी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने तहसील प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अभी वार्ता में आए अधिकारियों पर भारतीय किसान यूनियन विश्वास करती है परंतु 10 दिन के अंदर अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पुनः इसी स्थान पर आंदोलन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सूर्यनाथ वर्मा ने कहा कि 16, 17,18 जून को हरिद्वार उत्तराखंड में तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तैयारी के साथ दिनांक 15–6– 2022 को अपराहन 3:00 बजे देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन से हरिद्वार पहुंचने के लिए फैजाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचने का कष्ट करें। वार्ता एवं धरना में जिला उपाध्यक्ष रन्जीत कोरी ,जिला कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद वर्मा ,तहसील अध्यक्ष संतोष वर्मा, बुधिराम मौर्य, बैजनाथ निषाद, मायाराम निषाद, मंसाराम वर्मा ,विनोद निषाद ,काली प्रसाद मौर्य ,चौधरी जय लाल गौतम, अरुण कुमार निषाद, राधा देवी, शांति देवी ,विद्या देवी, देवीदीन, देवी प्रसाद आदि लोग शामिल रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी बदलापुर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी बदलापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न पटलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि सचिवों का रोस्टर जारी किया जाए और रोस्टर ब्लॉक एवं गांव के सचिवालय में लिखवाया जाए। सचिव सचिवालय में बैठ रहे हैं कि नहीं उसकी क्रास चेकिंग भी कराई जाए। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ पासबुक देखी और निर्देश दिया कि प्रतिमाह पुस्तक अपडेट किया जाए। आईजीआरएस की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य की जाए और फीडबैक क्या मिला है उसे रजिस्टर में अवश्य अंकित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ताओं को विकासखंड स्तर पर ही शिकायतों का समाधान कर उन्हें संतुष्ट किया जाए ताकि वे जनपद मुख्यालय पर न आए। ब्लॉक में ग्रान्ट रजिस्टर के निरीक्षण में पाया कि 02 करोड़ 33 लाख रुपया अवशेष है जिस पर खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल कार्य योजना बनाकर कार्य कराए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं की बुकलेट तैयार की जाए और लाभार्थियों का नाम उसमें अंकित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विकासखंड में पेंटिंग कराई जाए, होर्डिंग लगाई जाए ताकि उन्हें योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत–प्रतिशत सचिवालय सक्रिय रहे वहां पर लेखपाल, सचिव, आशा, आंगनवाड़ी रोस्टर के हिसाब से बैठे और गांव वालों की समस्याओं को सुने और उनका निस्तारण कराएं। जन सेवा केंद्र के द्वारा लिए जाने वाले रेट लिस्ट चिपकाए जाएं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक शौचालय शत–प्रतिशत सक्रिय रहे और प्रतिदिन सूचना ली जाए कि कितने लोग शौचालय का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में शौच करता हुआ न मिले। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोई भी व्यक्ति गाय न छोड़े और छोड़ने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि अच्छा कार्य करने वाले तीन समूहों का नाम ब्लॉक में लिखवाए ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि गांव में ही बिजली के बिल जमा हो जाए इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत मुरादपुर कोटिला में बने खेल के मैदान का निरीक्षण किया। मौके पर वालीबॉल कोर्ट तैयार मिला। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मैदान के किनारे–किनारे रनिंग ट्रैक बनाया जाए, ओपन जिम और छायादार वृक्ष लगाए जाए। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया कि खेल मैदान का उपयोग रात्रि में भी किया जाता है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा खंड विकास अधिकारी शरद श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि खेल मैदान में सोलर लाइट लगाई जाए। ग्राम पंचायत भोसिला में बन रहे बंन्धा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि बन्धे के किनारे–किनारे रनिंग ट्रेक एवं खेल का मैदान बनाया जाए। रोजगार सेवक को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 400 से 500 मजदूर लगाकर तेजी से कार्य कराएं। गांव के प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। गांव के रास्ते को ठीक कराने हेतु भी निर्देश दिया गया।

## विधायक ने चिकित्सकों को चिकित्सा सेवा सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित

अयोध्या ब्यूरो : रूदौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत माँ कामाख्या धाम स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाऊस पर चिकित्सा सेवा सम्मान पत्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र यादव मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 पवन कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम का संचालन बाबाबाजार मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने किया।विधायक राम चन्द्र यादव ने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्र के चिकित्सकों को चिकित्सा सेवा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान चिकित्सकों ने अपनी जान को जोखिम में डाल कर बहुत से लोगों की जान बचाई है।इसलिए चिकित्सक सम्मान के हकदार हैं।इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,सीएचसी अधीक्षक सैदपुर डॉ0 आदित्य कुमार वर्मा,डॉ0 शिव नाथ यादव,अशोक कुमार पाल,डॉ0 सत्य नारायण पाण्डे,डॉ0 प्रदीप तिवारी,डॉ0 अजय प्रताप सिंह,डॉ0 कुलदीप तिवारी,अखंड प्रताप सिंह,विवेक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## फावड़ें से मारकर गम्भीर चोट पहुंचाने वाला अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा–निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्वेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एंव शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या की पुलिस द्वारा ग्राम डेरवा रजपलिया में फावड़े से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर देने के मामले में 01 नफर वांछित अभियुक्त इन्द्र प्रताप यादव उर्फ गोली पुत्र महादेव निवासी निवासी डेरवा रजपलिया थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या सम्बंधित मु0अ0सं0 166/2022 धारा 324/308 भादवि को मुखबिर की सूचना पर डेरवा गाँव गोसाईगंज के पास से अपराध में प्रयुक्त फावड़े के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### आतंकी हमले की चिट्ठी पर आक्रोशित अधिवक्ताओं नें कचहरी सुरक्षा की बनाई रणनीति

अयोध्या ब्यूरो : अधिवक्ता संघ की संपन्न बैठक में अधिवक्ताओं ने कचहरी की सुरक्षा के लिए कमर कसने की अपील की और इसमें शामिल एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने भी हर तरह से कचहरी के सुरक्षा जीरे को मजबूत करने और अधिवक्ताओं की मदद करने का आश्वासन बैठक में दिया। बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष राजीव पाण्डेय संचालन संघ के मंत्री केके वर्मा ने किया। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर की सुरक्षा में लापरवाही पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि कचहरी के सभी गेटों पर ससस्त्र गार्ड मुस्तैदी से ड्यूटी डे और सभी के मेटल डिटेक्टर आदि सुरक्षा संयंत्र की प्रतिदिन निगरानी हो कि वे सही काम कर रहे हैं और सभी अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्य में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे जिससे अधिवक्ताओं की पुख्ता सुरक्षा हो सके। बैठक में गिरीश त्रिपाठी ओंकार तिवारी बंगाली सिंह संजीव दुबे विनोद कुमार सिंह शैलेंद्र जायसवाल सूर्य लाल अशोक पांडे विपिन कुमार मिश्रा अवधेश तिवारी अशोककुमार पांडे सुरेश कुमार दयाशंकर दुबे प्रदीप पाठक राकेश वेद राजेंद्र तिवारी आज भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## सरयू स्नान घाट पर प्राइवेट नाविकों का आतंक

अयोध्या ब्यूरो : जेष्ठ मास की पूर्णिमा को लेकर जहां एक तरफ प्रशासन हाई अलर्ट है वहीं दूसरी तरफ स्नान घाट पर यात्रियों को नहाने में यह प्राइवेट नाव चालक असुविधा पैदा कर रहे हैं। जहां एक तरफ प्राइवेट नाव चालकों पर प्रशासन लगातार लगाम लगा दी वहीं



दूसरी तरफ यह प्राइवेट नाउ चालक अपने आप को शासन सत्ता में पहुंच बताते हुए शासन व प्रशासन की बातों को अनदेखा करते हैं। ज्यादातर नाव चालक नाबालिक हैं जो कि यात्रियों की जान के साथ कर रहे हैं खिलवाड़। एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया दूरदराज से आए हुए तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधा अयोध्या में प्रदान कर रहे हैं वहीं यह प्राइवेट नाव चालक स्नान घाटों पर अतिक्रमण करते हुए यात्रियों के स्नान में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। आखिर नया घाट प्रशासन इन प्राइवेट नाविकों पर इतना मेहरबान क्यों है यह एक सोचनीय प्रश्न है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।